राष्ट्रीय संस्करण
CopyRight - Jagran.com

चोटिल शिखर धवन के बैकअप के तौर पर टीम इंडिया से जुड़ेंगे पंत

>> 12


# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 3

मूल्य ₹5 .00, नई दिल्ली, गुरुवार, 13 जून 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 14


## सरोकार

### बच्चों का 'बेस्ट फ्रेंड' है पटना का 'तरुमित्र' जंगल

**पटना :** पटना में शहर के बीचों बीच दस एकड़ में फैला तरुमित्र जंगल बच्चों का खास मित्र और शिक्षक बन चुका है। देश-विदेश के पांच हजार से अधिक स्कूल-कॉलेज बतौर सदस्य इससे जुड़े हुए हैं, जिनके हजारों छात्र भी तरुमित्र फोरम के सदस्य हैं। (पेज-13)

## जागरण विशेष

### पानीहाटी में वार्षिक 'दही-चूड़ा महोत्सव' शुरू

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के पानीहाटी में वार्षिक दही-चूड़ा महोत्सव शुरू हो गया है जो 16 जून तक चलेगा। 15 को मुख्य आयोजन होगा। गंगा तट पर एक साथ लाखों लोग दही-चूड़ा का लुत्फ उठाएंगे। 500 वर्ष पुरानी परंपरा का आज भी पालन होता है। (पेज-13)

## विश्वास News

पहाड़ी इलाकों में खाली नहीं हुए पेट्रोल पंप व एटीएम ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल • पेज 5

## न्यूज गैलरी

**राज-नीति** ▶ पृष्ठ 3

### नीरव मोदी की जमानत याचिका चौथी बार भी खारिज

**लंदन :** ब्रिटेन के हाईकोर्ट 'रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस' ने बुधवार को दो अरब डॉलर के पीएनबी घोटाले के आरोपित भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले निचली अदालत वेस्टमिंस्टर मेजिस्ट्रेट कोर्ट ने तीन बार नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की है।

**नेशनल न्यूज** ▶ पृष्ठ 7

### गुजरात तट से आज टकराएगा चक्रवाती तूफान 'वायु'

**नई दिल्ली :** अरब सागर में बने चक्रवाती तूफान 'वायु' ने विकराल रूप ले लिया है। इसके 145 से 155 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गुरुवार तड़के गुजरात के तट से टकराने की आशंका है। गृहसचिव राजीव गौबा ने स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। सरकार ने चार लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का दावा किया है।

**अंतरराष्ट्रीय** ▶ पृष्ठ 11

### प्रत्यर्पण कानून के खिलाफ हांगकांग में फिर फूटा गुस्सा

**हांगकांग :** हांगकांग में प्रस्तावित नए प्रत्यर्पण कानून के खिलाफ बुधवार को फिर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। हजारों प्रदर्शनकारियों ने शहर का चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज के साथ ही आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां चला कर भीड़ को तितर बितर किया। प्रस्तावित प्रत्यर्पण कानून को रद करने की मांग को लेकर बीते शनिवार को भी लाखों लोगों ने प्रदर्शन किया था।


क्रिकेट महाकुंभ

भारत vs न्यूजीलैंड

दोपहर 3:00 बजे से

स्थान : नॉटिंघम

स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क


# अमरनाथ यात्रा से पहले आतंकी हमला, पांच जवान शहीद

**कायरता** ▶ पहलगाम-अनंतनाग मार्ग पर हमला, यहीं से गुजरते हैं तीर्थ यात्री, एक आतंकी ढेर, चार जवानों व युवती समेत छह घायल

### शहीदों में दो एएसआइ और तीन कांस्टेबल, अल-उमर मुजाहिदीन ने ली हमले की जिम्मेदारी

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर**

एक जुलाई से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा से पहले बुधवार को आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें सीआरपीएफ के दो एएसआइ और तीन कांस्टेबल शहीद हो गए। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी भी मारा गया। इस हमले में चार जवान, अनंतनाग के थाना प्रभारी और एक युवती समेत छह लोग घायल हो गए। आतंकी सड़क किनारे आम लोगों के बीच छिपे थे। हमले के बाद भाग निकले। यह हमला उस जगह हुआ जहां से श्री अमरनाथ यात्रा गुजरेगी। यह जगह पहलगाम-अनंतनाग मार्ग पर ही है। इस हमले ने राज्य प्रशासन के सुरक्षा प्रबंधों पर भी सवाल खड़ा कर दिया है। इससे पहले इसी साल 14 फरवरी को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस बीच, अल-उमर मुजाहिदीन आतंकी संगठन के प्रवक्ता ने हमले के करीब आधे घंटे बाद स्थानीय पत्रकारों को फोन कर हमले की जिम्मेदारी ली। आतंकी संगठन के प्रवक्ता ने भविष्य में सुरक्षाबलों पर अपने हमलों में और तेजी लाने की धमकी भी दी है।

**लोगों के बीच छिपे थे आतंकी :** जानकारी के अनुसार, शाम करीब 4.55 बजे सीआरपीएफ की 116वीं वाहिनी और राज्य पुलिस के जवानों के एक संयुक्त कार्यदल ने अनंतनाग में केपी रोड पर आक्सफोर्ड स्कूल के पास नाका लगाया था। इसी दौरान आतंकी सड़क किनारे खड़े लोगों के बीच ही कहीं छिपे बैठे थे। उन्होंने मौका पाते ही सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। इस हमले में नौ सुरक्षाकर्मी और वहां से गुजर रही एक युवती समेत 10 लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी अनंतनाग अरशद अहमद खान व अन्य जवानों ने जवाबी फायर किया। करीब 20 मिनट तक चली मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया, लेकिन उनके अन्य साथी वहां से भाग निकले। आतंकियों से मुठभेड़ में थाना प्रभारी भी जख्मी हो गए।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को आतंकियों के हमले में घायल केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएनआइ

**अस्पताल में तोड़ा दम :** हमले की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ और पुलिस के आलाधिकारी अपने दल बल समेत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए मारे आतंकी के अन्य साथियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान चलाया। साथ ही जख्मी सुरक्षाकर्मियों व अन्य लोगों को अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में सीआरपीएफ के दो एएसआइ समेत पांच जवानों ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल जवानों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद श्रीनगर स्थित सेना के 92 बेस अस्पताल ले जाया गया। एसएसपी अल्ताफ खान ने बताया कि मारे गए आतंकी की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। वह विदेशी हो सकता है। इलाके में सुरक्ष व्यवस्था बढ़ाने के साथ ही अनंतनाग और आसपास के क्षेत्रों में आतंकियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**थाना प्रभारी की बहादुरी से बचीं कई जानें:** आतंकियों ने जब हमला किया तो अनंतनाग के थाना प्रभारी अरशद अहमद खान वहां तैनात थे। आतंकी लोगों की भीड़ में छिपकर गोलीबारी कर रहे थे। इस पर थाना प्रभारी ने अपने जवानों को संयम बरतने को कहा। भीड़ कम होने पर थाना प्रभारी ने आतंकियों को मुठभेड़ में उलझा लिया। जवाबी कार्रवाई के दौरान सीने में गोली लगने से वह बुरी तरह घायल हो गए। थाना प्रभारी की सूझबूझ से कई जानें बच गईं। बाद में थाना प्रभारी को तुरंत अनंतनाग जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें श्रीनगर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बुधवार रात एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स शिफ्ट कर दिया गया।

### ये हुए शहीद

एएसआइ रमेश कुमार, झज्जर, हरियाणा

एएसआइ निरोद शर्मा, नलबारी, असम

कांस्टेबल महेश कुमार कुशवाह, गाजीपुर, उप्र

कांस्टेबल संदीप यादव, देवास, मध्य प्रदेश

सतेंद्र कुमार, मुजफ्फरनगर, उप्र (सभी फाइल फोटो)

मोर्चा संभाले सीआरपीएफ के जवान। एएनआइ

# तत्काल तीन तलाक विधेयक को कैबिनेट ने दी मंजूरी

### विश्वविद्यालय के रोस्टर, कश्मीर आरक्षण, आधार और एसईजेड संशोधन विधेयक को भी मंजूरी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

17वीं लोकसभा के पहले ही सत्र में सरकार तत्काल तीन तलाक, कश्मीर आरक्षण समेत कई अहम विधेयक पेश करेगी। बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त विधेयकों समेत केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति के विधेयक को भी मंजूरी दे दी गई।

प्रकाश जावड़ेकर प्रेट्र

कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देने आए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि मंजूर किए गए विधेयकों को संसद में पेश किया जाएगा। विपक्ष की आपत्तियों का भी संज्ञान लिया जाएगा। इन मुद्दों पर पहले से ही अध्यादेश लागू था। अब सत्र में इन विधेयकों को पारित कराकर कानून का रूप देने की कोशिश होगी। तत्काल तीन तलाक पर सरकार दो बार अध्यादेश लागू कर चुकी है। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अध्यादेश 2019 के तहत तत्काल तीन तलाक गैरकानूनी रहेगा। ऐसा करने वाले पति के लिए तीन साल जेल का प्रावधान है।

वहीं, केंद्रीय विवि में शिक्षकों की भर्ती के लिए आरक्षण में विभाग की बजाय विश्वविद्यालय को इकाई माना गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में विभाग को इकाई बनाया गया था जिसे सियासी दलों ने दलित विरोधी ठहराने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाई थी, लेकिन सरकार इसे पलटते हुए अध्यादेश लेकर आई थी। नए विधेयक में भर्ती के पुराने आरक्षण के साथ आर्थिक आधार पर दिए गए 10 फीसद कोटे को भी शामिल किया गया है। ज्ञात हो, विश्वविद्यालयों में सात हजार पदों पर भर्ती होनी है। एक अन्य फैसले में जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रहने वाले लोग भी प्रत्यक्ष भर्ती, पदोन्नति और विभिन्न पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आरक्षण पा सकते हैं। इससे पहले यह आरक्षण केवल नियंत्रण रेखा के करीब के गांवों में रहने वालों को ही मिलता था। इससे 435 गांवों के 3.5 लाख लोगों को लाभ होगा। बैंकों में खाता खोलने, मोबाइल नंबर के लिए आधार को स्वैच्छिक तौर पर पहचान पत्र मानने वाले आधार संशोधन बिल-2019 को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि छह माह और बढ़ी पेज>>4

## वक्फ संपत्तियों पर स्कूल-अस्पताल बनाने का पूरा खर्च उठाएगी सरकार

**नई दिल्ली, प्रेट्र/आइएएनएस :** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि पूरे भारत में सभी वक्फ संपत्तियों की जियो टैगिंग करके उनका ब्योरा डिजिटल किया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार समाज के कल्याण के लिए वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल विकसित करने के लिए सौ फीसद फंडिंग करेगी।

बुधवार को सेंट्रल वक्फ काउंसिल की 80वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए नकवी ने कहा, पूरे देश में 5.77 लाख रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियां हैं। आइआइटी रुड़की और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की मदद से इनकी जियो टैगिंग व डिजिटलाइजेशन कराया जाएगा, जिससे इनके रिकार्ड की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर एक कार्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है। इसके तहत देश भर में जरूरतमंदों के लिए वक्फ संपत्तियों को शैक्षिक सशक्तीकरण व रोजगार से संबंद्ध करने के लिए स्किल डेवलपमेंट कराया जाएगा। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की लड़कियों के लिए यह सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत वक्फ संपत्तियों पर स्कूल, कॉलेज, आइटीआइ, पॉलीटेक्निक, अस्पताल और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए सौ फीसद खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। नकवी ने कहा, पिछले सरकारों ने देश में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए 90 फीसद जिलों की ही पहचान की थी, लेकिन मोदी सरकार ने 308 जिलों में अल्पसंख्यकों से जुड़ी विकास योजनाओं को विस्तार देने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि जस्टिस (रिटायर्ड) जकीउल्लाह खान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है जो वक्फ संपत्तियों के लीज रूल की समीक्षा करेगी। कमेटी की सिफारिशों से वक्फ के नियमों को उपयोग के लिए सरल और प्रभावी बनाया जाएगा। कई दशकों से विवादों में घिरी ऐसी संपत्तियों को भी मुक्त कराने के उपाय किए जाएंगे। नकवी ने कहा, सेंट्रल वक्फ काउंसिल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं के जरिए बीस राज्यों के वक्फ बोर्ड को जोड़ा है।

नई दिल्ली में बुधवार को सेंट्रल वक्फ काउंसिल की 80 वीं बैठक के दौरान सदस्यों ने मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का स्वागत किया। प्रेट्र

# उप्र बार कौंसिल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**जागरण संवाददाता, आगरा**

- आगरा के दीवानी परिसर स्थित चैंबर में साथी अधिवक्ता ने मारीं पांच गोलियां
- हमलावर ने खुद को भी गोली मारी, गंभीर हालत में गुरुग्राम ले गए परिजन

उत्तर प्रदेश बार कौंसिल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दरवेश सिंह (38) को साथी अधिवक्ता मनीष शर्मा (38) ने आगरा के दीवानी परिसर में बुधवार को गोलियों से भून दिया। मनीष ने उन्हें पांच गोलियां मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। गंभीर हालत में उसे गुरुग्राम ले जाया गया है।

एटा जिले की मूल निवासी दरवेश सिंह वर्तमान में परिवार के साथ आगरा के खंदारी में रहती थीं। वह दो दिन पहले उत्तर प्रदेश बार कौंसिल की अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं। बुधवार दोपहर दीवानी में अपने स्वागत समारोह के बाद वह दोपहर करीब ढाई बजे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार मिश्रा के चैंबर में पहुंचीं। साथी अधिवक्ता मनीष शर्मा से दो माह से विवाद चल रहा था। दोनों पहले एक ही चैंबर में साथ बैठते थे। दरवेश ने मनीष को बातचीत करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता के चैंबर में ही बुला लिया।

दरवेश कुमारी और मनीष शर्मा (फाइल) एएनआइ

बातचीत के दौरान दरवेश का मौसेरा भाई मनोज भी मौजूद था। इस बीच मनीष शर्मा से दरवेश का विवाद बढ़ गया। इसके बाद मनीष शर्मा ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर मनोज पर फायर झोंक दिया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। मनीष शर्मा ने अगले पल ही बार कौंसिल की अध्यक्ष दरवेश को ताबड़तोड़ पांच गोलियां मार दीं। दरवेश लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। बाद में मनीष ने खुद को गोली मार ली। साथी अधिवक्ता दोनों को अलग-अलग अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में दरवेश को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर हालत में मनीष शर्मा को उनके परिजन गुरुग्राम स्थित अस्पताल के लिए ले गए। ताबड़तोड़ फायरिंग से दीवानी परिसर में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होने पर एडीजी अजय आनंद समेत अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और अधिवक्ताओं से घटना की जानकारी ली।

> बार कौंसिल अध्यक्ष दरवेश सिंह की हत्या के पीछे आपसी विवाद बताया गया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। दीवानी की सुरक्षा को लेकर न्यायिक अधिकारियों से भी बात की जा रही है।
>
> -अजय आनंद, एडीजी, आगरा जोन।

# पाक के रास्ते किर्गिस्तान नहीं जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

- ओमान, ईरान और मध्य एशियाई देशों के रास्ते पहुंचेंगे बिश्केक

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह पाकिस्तान के रास्ते किर्गिस्तान नहीं जाएंगे। इस बैठक का आयोजन 13-14 जून को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हो रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बुधवार को बताया, 'वीवीआइपी विमान के बिश्केक जाने के लिए भारत सरकार ने मार्ग के दो विकल्पों पर विचार किया था। अब फैसला लिया गया है कि विमान ओमान, ईरान और मध्य एशियाई देशों के रास्ते बिश्केक के लिए उड़ान भरेगा।' हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी ने सोमवार को बताया था कि भारतीय प्रधानमंत्री के विमान को अपने वायुक्षेत्र से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए इमरान सरकार सैद्धांतिक रूप से तैयार हो गई है। ऐसे में भारत सरकार के फैसले ने कई लोगों को आश्चर्यचकित किया है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के विमान को उड़ान की अनुमति देने के लिए भारत ने ही पाक सरकार से अनुरोध किया गया था। भारत की घोषणा के बाद भी पाक के विमानन मंत्री गुलाम सरवर खान ने कहा, प्रधानमंत्री इमरान खान ने मोदी के विमान के लिए हवाई क्षेत्र विशेष तौर पर खोलने के निर्देश दिए हैं। एयर इंडिया के बी747-400 के लिए हवाई क्षेत्र 72 घंटे के लिए खुला रहेगा। बता दें कि 26 फरवरी को बालाकोट में जैश के शिविरों पर एयरस्ट्राइक के बाद पाक ने भारत के लिए अपना वायुक्षेत्र बंद कर दिया था। अभी भी उसने 11 में से सिर्फ दो मार्ग ही खोले हैं।

मालूम हो कि भारत सरकार ने यह फैसला ऐसे समय लिया है जब एक हफ्ते पहले इमरान खान और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अपने-अपने भारतीय समकक्षों को अलग-अलग पत्र लिख कर द्विपक्षीय वार्ता शुरू करने की इच्छा जताई थी। इससे पहले 26 मई को इमरान ने मोदी को फोन करके दोनों देशों के लोगों की बेहतरी के लिए साथ मिलकर काम करने की इच्छा भी जताई थी। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए विश्वास और हिंसा व आतंकवाद मुक्त माहौल बनाया जाना बेहद जरूरी है।

एससीओ देशों के साथ संबंधों को मजबूत करेगी किर्गिस्तान यात्रा : मोदी पेज>>5

### भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में स्टेन स्वामी के घर पर छापेमारी

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम के बगईचा टोला निवासी फादर स्टेन स्वामी के घर पर बुधवार सुबह महाराष्ट्र पुलिस ने छापेमारी की। महाराष्ट्र के बहुचर्चित भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में स्टेन स्वामी महाराष्ट्र पुलिस के रडार पर हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस की टीम ने स्टेन स्वामी के फेसबुक व मेल को ब्लॉक कर दिया। साथ ही एक सूटकेस और एक बैग को भी जब्त किया गया है। कुछ महीने पहले भी महाराष्ट्र पुलिस ने उनके आवास पर छापेमारी की थी। (पेज-5)

### 15 जुलाई को शुरू होगा भारत का दूसरा चंद्र अभियान

**बेंगलुरु :** भारत अपने दूसरे चंद्र अभियान के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन के. सिवन ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-2 को 15 जुलाई को लांच किया जाएगा। छह या सात सितंबर को यान चांद के दक्षिणी ध्रुव के नजदीक उतरेगा, जहां अब तक किसी देश ने यान नहीं भेजा है। इस अभियान की सफलता के बाद चांद पर यान उतारने और रोवर भेजने वाला भारत चौथा देश होगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। (पेज-14)

## नई शिक्षा नीति

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों तमिलनाडु सहित कुछ राज्यों में उठे विरोध को देखते हुए त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटा लिया था, हालांकि मसौदे पर अभी राय ली जा रही है और इसकी अंतिम तिथि 30 जून है

# त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटाने का विरोध तेज

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- नई शिक्षा नीति बनाने वाली कमेटी के ही दो सदस्य खुलकर विरोध में उतरे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मसौदे में त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी की अनिवार्यता खत्म किए जाने के सरकार के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। विरोध के ये सुर नई शिक्षा नीति बनाने वाली कमेटी के बीच से ही उठे हैं। कमेटी के दो वरिष्ठ सदस्यों ने बगैर सहमति त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटाने पर विरोध जताया है। सरकार ने पिछले दिनों तमिलनाडु सहित कुछ राज्यों में उठे विरोध को देखते हुए त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटा लिया था। हालांकि मसौदे पर अभी राय ली जा रही है और इसकी अंतिम तिथि 30 जून है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने वाली कमेटी में शामिल वरिष्ठ सदस्य डॉ. कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने कहा है कि नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी को लंबी चर्चा व संवैधानिक पहलुओं को देखते हुए शामिल किया गया था। हालांकि कमेटी के कई सदस्य आधार पर हुई चर्चा में इसे खारिज नहीं कर पाए। आखिर में उन्हें नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी को शामिल करना ही पड़ा, लेकिन सरकार को सौंपे गए नीति के अंतिम मसौदे में बगैर किसी चर्चा के बदलाव किया जाना समझ से पूरी तरह से परे है। 'दैनिक जागरण' से चर्चा में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि इस त्रिभाषा फॉर्मूले को 1986 में लोकसभा से मंजूरी दी गई थी। हमने सिर्फ इसे आगे बढ़ाया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर विरोध भी जताया है। इसी बीच, नई शिक्षा नीति तैयार करने वाली कमेटी में शामिल एक अन्य वरिष्ठ सदस्य डॉ. आरएस कुरील ने भी 'दैनिक जागरण' से बातचीत में नीति के त्रिभाषा फॉर्मूले से हिंदी को हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि हिंदी को बढ़ावा देने को लेकर सरकार को दोहरा मापदंड नहीं रखना चाहिए। किसी एक राज्य के कुछ लोगों के विरोध के बाद इसे हटाया जाना ठीक नहीं है। हिंदी देश के बड़े हिस्से में और बड़ी जनसंख्या के बीच बोली जाने वाली भाषा है। देश की अखंडता को मजबूती देने के लिए हिंदी को त्रिभाषा फॉर्मूले में शामिल होना जरूरी है। वैसे पिछली शिक्षा नीति के मसौदे में भी त्रिभाषा फॉर्मूले को शामिल किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बदलाव करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उसे इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा करानी चाहिए।

मालूम हो कि नई शिक्षा नीति के मसौदे में कमेटी ने त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी, अंग्रेजी के साथ एक स्थानीय भाषा को पढ़ाए जाने की सिफारिश की थी। बाद में कुछ राज्यों के विरोध के बाद त्रिभाषा फॉर्मूले को शिथिल करते हुए हिंदी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है।

प्रतीकात्मक

### बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की तेजाब डालकर हत्या

**मालदा :** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भाजपा कार्यकर्ता असित सिंह (62) का शव मिला है। उनका पूरा शरीर तेजाब से जला हुआ था। अभी यह साफ नहीं है कि हत्या के बाद उन पर तेजाब डाला गया है या तेजाब डालकर उनकी हत्या की गई है। मृतक के परिजनों ने तृणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है। वहीं राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। (पेज-5)

### बारिश के कारण भारत-न्यूजीलैंड मैच की संभावना आधी-आधी

**नॉटिंघम :** तीन दिन से पानी-पानी हो रखे नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम की पिच और आधा मैदान बुधवार को भी कवर से ढका रहा। कुछ देर के लिए बारिश रुकी थी जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया, लेकिन उसके बाद फिर वर्षा होने लगी। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी बारिश की संभावना 50 फीसद जताई है और ऐसे में यहां होने वाले 50-50 ओवर के भारत-न्यूजीलैंड मैच की संभावना 50-50 है। (पेज-12)

# झुलसाने वाली गर्मी के बाद अब आफत बनी धूल भरी आंधी

नई दिल्ली में आइटीओ पर अचानक आई धूल भरी आंधी में रेंगते वाहन चालक। ध्रुव कुमार

**जेएनएन, नई दिल्ली**

- दिल्ली-एनसीआर में 27 उड़ानों पर पड़ा असर, कई के रूट बदले

झुलसा देने वाली भीषण गर्मी के बाद देश के कई राज्यों में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश आफत बनकर आई। उत्तर प्रदेश में 13 और जम्मू-कश्मीर में तीन लोगों की मौत हो गई। लू के कारण ओडिशा में तीन और झारखंड में पांच लोगों की मौत हुई है। वहीं राजस्थान और दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने के कारण विमानों की आवाजाही प्रभावित हुई। बुधवार देर रात तक 27 उड़ानों पर असर पड़ा था। पटना से दिल्ली जा रहे विमान को डायवर्ट कर वाराणसी एयरपोर्ट पर भेजा गया। खराब मौसम के कारण राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का विमान बुधवार शाम को दिल्ली एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका, जिसकी वजह से वह जयपुर लौट गए। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हेलीकॉप्टर की भी रोहतक में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। वह रेवाड़ी में कार्यकर्ता सम्मान समारोह के लिए जा रहे थे। (पेज-7 भी देखें)